# RAF SECTOR
# NEWS CLIP
23/10/2023

SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Smart Stir, Bawana,(DL)**

# रैपिड एक्शन फोर्स ने मनाया पुलिस स्मृति दिवस

›› केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के रण बांकुरो ने दिया सर्वोच्च बलिदान

›› शहीदों का सम्मान सर्वोपरि : कमांडेंट राकेश कुमार सिंह

स्मार्ट हलचल/सुरेश कोहली



**नई दिल्ली।** 194 बटालियन द्रुत कार्य बल द्वारा आज पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। मिली जानकारी के अनुसार इस अवसर पर बटालियन के कमाण्डेंट राकेश कुमार सिंह ने सर्वप्रथम शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित की।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा की पुलिस स्मृति दिवस प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। क्योंकि इसी दिन 21 अक्टूबर सन 1959 में लदाख के हॉट स्प्रिंग में सीमा की सुरक्षा में सीआरपीएफ के जांबाज सैनिको के एक छोटे से गश्ती दल पर चीनी सेना द्वारा भारी संख्या में घात लगाकर हमला किया गया था और इसी हमले में हमारे 10 केरिपुबल के रण बांकुरो ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। श्री सिंह ने कहा की केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल ने अपनी निष्ठा अदम्य साहस और उत्कृष्ट सेवा व लगन पूर्वक कार्य से अपनी विश्वव्यापी पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा की विभिन्न चुनौतियों में सीआरपीएफ ने विभिन्न गौरवपूर्ण सराहनीय कार्य किए हैं जिसमें सुरक्षा संबंधी चुनौतिया हो या फिर मानवीय चुनौतियां, सीआरपीएफ की भूमिका हमेशा सराहनीय रही है। कमांडेंट राकेश कुमार सिंह ने कहा की देश की सुरक्षा को अक्षुण्ण रखने में सीआरपीएफ ने अद्वितीय योगदान दिया है। वहीं,वीरता का एक गौरवशाली इतिहास भी बनाया है। इस अवसर पर वाहिनी के निखिलेश (उप कमाण्डेंट ) बद्रीलाल जाट (उप कमाण्डेंट ), दमयंती झांझरिया (सहा. कमाण्डेंट), प्रधुम्न कुमार सिंह (सहा.कमाण्डेंट) व अन्य अधिनस्थ अधिकारी व सभी जवान उपस्थित रहे।

Shubham Sandesh, Jamshedpur, (JKD)

# आरएएफ ने शहीदों को किया सलाम

संवाददाता। जमशेदपुर




शहीदों को श्रद्धांजलि देते कमांडेंट.

सुंदरनगर स्थित 106 बटालियन आरएएफ कैंप के गांधी कॉम्प्लेक्स में शनिवार को पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया गया. इसमें आरएएफ ने उन वीर शहीद जवानों को याद किया, जिन्होंने 1959 में भारत-तिब्बत सीमा पर देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी. मौके पर रैफ 106 बटालियन के कमांडेंट डॉ. निशीत कुमार मुख्य अतिथि एवं रैफ 106 बटालियन के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अश्विनी कुमार और उप कमांडेंट प्रकाश चंद्र बादल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे. मौजूद अधिकारियों ने शहीद स्मारक स्थल पर माल्यर्पण किया. इसके बाद जवानों ने शहीदों को सशस्त्र सलामी दी और मौन रखा.

**जवानों ने दी थी अपने प्राणों की आहुति :** कमांडेंट डॉ. निशीत कुमार ने इस दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते कहा कि 21 अक्टूबर 1959 को भारत-तिब्बत सीमा पर हुई घटना का जिक्र किया, जिसमें सीआरपीएफ के मात्र 21 जवानों ने चीनी सेना की बड़ी टुकड़ी जो अत्याधुनिक हथियारों से लैस थी, उनका बड़ी वीरता से मुकाबला किया एवं अपने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे. चीनी सेना द्वारा किये गए इस कायरतापूर्ण हमले मे सीआरपीएफ के 10 वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी थी. इन वीर जवानों की शहादत को स्मरण करते हुए प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पूरा देश शहीद जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित करता है. अंत में मुख्य अतिथि ने 01 अक्टूबर 2022 से 31 अगस्त 2023 तक सेवा के दौरान पुलिस बल के शहीद हुए कुल 189 अधिकारी व जवानों जिसमे सीआरपीएफ के कुल 15 जवान शामिल थे, उनका नाम पढ़कर उन्हें श्रद्धांजलि दी.

**Dainik Bhaskar, Prayagraj, (UP)**

# आर०ए०एफ० वाहिनी के प्रागण में बिरहा कार्यक्रम का आयोजन किया

कपिल सिंह

**प्रयागराज।** प्रयागराज के कन्चन लाल यादव एवं ज्योति यादव, जो कि "बिरहा" लोकगीत के उत्कृष्ट गायक है, की टीम द्वारा "जवाबी बिरहा" लोकगीत की आनन्दमयी एवं रोमान्चकारी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर कावाध्याक्षा श्रीमती प्रीती गौतम व मनोज कुमार गौतम कमाण्डेन्ट -101 द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जैसा कि विदित है कि "विरहा" पूर्वांचल लोक गायन की एक विद्या है, जो कि उत्तर प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र के भोजपुरी भाषी क्षेत्र में अति प्रचलित है। इस अवसर पर कमाडेण्ट महोदय ने कन्चन लाल यादव व ज्योति याद्व के गायन की भूरि-भूरि प्रशंसा की व अपने सम्बोधन में कहा को ह्लबिरहा" को लोग पहले भी पसंद करते थे और आज भी इसकी जरूरत है, इसे सही स्वरूप में प्रस्तुत करने की अब समय आ गया है की हम अपनी धरोहर को जानें और समझे और उनकी जड़ों की ओर लौटने की कोशिश करें अन्त में कमाण्डेन्ट महादेय ने कन्चन लाल यादव व ज्योति यादव





को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र प्रदान किया एवं उनकी टीम का माल्यार्पण कर उनको सम्मानित किया। उक्त अवसर पर प्रेमजीत कुमार ( द्वि० कमा० अधि०). पुर्नवसु तिवारी ( द्वि० कमा० अधि०) श्री विनोद कुमार (उप कमाण्डेन्ट), बृजेश कुमार दूबे (उप कमाण्डेन्ट), नीरज कुमार (उप कमाण्डेन्ट), तथा अन्य अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारी गण, जवान एवं उनके परिवार जन उपस्थित रहे।

Amrit Kaal, Prayagraj, (UP)

# आर ए एफ परिसर में धूमधाम से मनाया गया नवरात्रोंत्सव

अमृत काल संवाददाता

------------------

**प्रयागराज।** 101 आर.ए.एफ. कैम्प परिसर में नवरात्रोत्सव बड़े ही धूम-धाम सें मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार शनिवार व रविवार षष्टी एवं सप्तमी के शुभ अवसर पर "डांडिया महोत्सव" बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस शुभ अवसर पर मनोज कुमार गौतम, कमांडेण्ट-101 एवं क्षेत्रीय कावाध्यक्षा श्रीमती प्रीती गौतम ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । 101 वाहिनी के सभी परिवारजनों ने परम्परागत तरीके से माँ दुर्गा के सम्मान में बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ डांडिया नृत्य में भाग लिया। इस अवसर पर भव्य मेले



का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के स्टॉल, झूले एवं बच्चों के लिए खिलोनों की दुकान लगाए गए। वाहिनी के सभी महिला कार्मिक व जवानो के परिवार ने इस महोत्सव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उक्त अवसर पर प्रेमजीत कुमार ( द्वि० कमा०), पुनर्वसु तिवारी ( द्वि० कमा० ) विनोद कुमार (उप कमा०), नीरज कुमार (उप कमा० ). डॉ० अशोक कुमार (वाहिनी चिकित्साधिकारी) अन्य अधिकारी गण, अधीनस्थ अधिकारी गण, जवान व उनके परिवारजन ने उपस्थित रहे ।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।